पेज थ्री देहरादून

देहरादून, मंगलवार, 24 मई 2022

पेज 8

सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति से सम्बन्धित समीक्षा बैठक करते हुए वितमंत्री।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में बारिश और आंधी–तूफान ने बढ़ाई मुश्किल

**संवाददाता** देहरादून। सोमवार को मौसम का बदला मिजाज राहत के साथ ही आफत भी लेकर आया। बारिश, आंधी–तूफान के कारण सड़कों पर जगह–जगह पेड़ गए हैं। लोगों के लिए आवाजाही मुश्किल हो गई। वहीं हरिद्वार में एक युवक की पेड़ के नीचे दबने से मौत हो गई।

तेज आंधी चलने से लक्सर हरिद्वार मार्ग पर पीर बाबा की दरगाह के पास मोटरसाइकिल सवार अमित कुमार पुत्र राजकुमार उम्र 35 वर्ष निवासी विजयपुरा की पेड़ के नीचे दबने से मौत हो गई। युवक हरिद्वार से अपने घर लौट रहा था। तभी वह हादसे का शिकार हो गया।

### उत्तराखंड में आए कोरोना के 12 नए मामले

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना के मामले एक बार फिर कम होने लगे हैं। आज मंगलवार को कोरोना के 12 नए मामले सामने आए, जबकि 22 मरीज स्वस्थ भी हुए। वहीं, अब राज्य में कोरोना के 69 सक्रिय मामले रह गए हैं। उत्तराखंड राज्य में मंगलवार को कोरोना के 12 नए मामले मिले हैं। कोरोना संक्रमण दर भी 0.99 प्रतिशत रही। अच्छी बात यह रही है कि 22 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। वहीं, आज राज्य में कोरोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

### जिला रेडक्रास के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक लोगो ने उठाया लाभ

**संवाददाता** देहरादून। जिला रेडक्रास शाखा , देहरादून एवं स्वास्थ्य हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्राचीन शिव मन्दिर, रीठा मंडी, निकट मुस्लिम कॉलोनी, लक्खीबाग, देहरादून में सुबह 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया गया!' इस निःशुल्क कैम्प में 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। जिला रेडक्रास समिति द्वारा स्वास्थ्य हॉस्पिटल के समस्त चिकित्सकों व तकनीशियनों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।'

### टीटीके प्रेस्टीज ने पेश किया एक्सचेंज उत्सव 'एनीथिंग फॉर एनीथिंग'

**संवाददाता** देहरादून। रसोई उपकरणों के क्षेत्र में भारत की अग्रणी कंपनी टीटीके प्रेस्टीज शानदार 'एनीथिंग फॉर एनीथिंग' एक्सचेंज ऑफर लाई है, जिसमें गृहिणियों को अपनी रसोई अपग्रेड करने का मौका मिलेगा। उपभोक्ता अपनी रसोई के पुराने बर्तनों और उपकरणों को बदलकर विभिन्न श्रेणियों में एकदम नए और अनूठे उपकरण ले सकते हैं। एक्सचेंज पर 25 से 60 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट भी है। यह ऑफर 31 जुलाई 2022 तक चलेगा। गैस चूल्हों पर 33 प्रतिशत से 45 प्रतिशत तक छूट मिल रही है।

# बारिश आए या तूफान में आपके बीच जरूर पहुंचूंगा

**प्रचार**

■ सीएम धामी अपने चुनाव प्रचार के लिए बिस्ज्यूला के रामलीला मैदान में पहुंचे



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री व भाजपा प्रत्याशी पुष्कर सिंह धामी सोमवार को अपने चुनाव प्रचार के लिए बिस्ज्यूला के रामलीला मैदान में पहुंचे। जहां जोर शोर से लोगों ने सीएम धामी का स्वागत किया। यह कार्यक्रम उनका नरियाल गांव में होना था लेकिन बारिश के चलते उसे यहां शिफ्ट किया गया। बारिश के चलते वह हेलीकॉप्टर से न आ कर कार से टनकपुर होते हुए आए।

इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह महर समेत कई लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। निर्वतमान विधायक कैलाश गहतोड़ी ने लोगों से 31 मई को होने वाली लोकतत्र के इस यज्ञ में अधिक से अधिक लोग वोट डालकर आहुति दें। हमारे घर में सरकार आई है उसे अधिक से अधिक वोट से जितना है।

सीएम धामी ने कहा बारिश आए तूफान आए मैं आप लोगों के बीच अवश्य पहुंचूंगा, मैं कैलाश दा से कह रहा था की यहां विकास की बहुत संभावनाएं है। जब विधान सभा ही नही जाओगे तो इस्तीफा कैसे दोगे। में आपका और क्षेत्र की देव तुल्य की जनता का दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

प्रदेश ने सारे मिथक तोड़ दिए। मुझे पूरा विश्वास था प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। छह महीने के कालखंड में 600 से अधिक फैसले लिए। 2021 में नई खेल नीति लेकर आए। खिलाड़ियों को किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है।

दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा सीएम मनोहर लाल खट्टर ने मुझसे कहा की लोगों से कहना की यह चुनाव विधायक नही मुख्यमंत्री का चुनाव हो रहा है। उन्होंने कहां की उत्तराखंड के लोगों को मेरा संदेश दे देना। योगी जी भी आप लोगों के बीच टनकपुर में 28 को आ रहे है।

**भावनात्मक रिश्ताः** चम्पावत से मेरी बचपन की यादें जुड़ी है। मेरी इजा ने कहती थी की चम्पावत के लोग बहुत अच्छे होते है। में आप लोगों का ऋण मैं कभी नहीं उतार पाऊंगा। मैने अपने संकल्प पत्र में रखा है की सभी मंदिरों को मानासखंड से जोड़कर सर्किट बनाएंगे। चंपावत को विश्व मानचित्र पर लेकर जाएंगे। तामली का ही दृश्य भी यहीं दिखाई दे रहा है।

**ईवीएम की बटन घुस जाएः** अब हमारा उत्तराखंड युवा अवस्था में पहुंच गया है। मैं अपने आपको भाग्यशाली मानता हूं की मुझे इस क्षेत्र का सेवा करने का अवसर मिला है। मैं यहां मुख्यमंत्री के हैसियत से नही आया हूं बल्कि मैं आप लोगों से वोट मांगने आया हूं। 31 को वोट देने जरूर आएं। भाजपा को इतना वोट दें की ईवीएम में कमल का बटन अंदर घुस जाए। मतगणना में सिर कमल कमल ही निकले।

**पीएम भी साथ में**

पीएम मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। वो सभी क्षेत्र में काम कर रहे है। हम इसे नंबर वन का चम्पावत बनाएंगे। उत्तराखंड में समान कानून लायेंगे। जिस पर काम शुरू कर दिया है। हम और भी कई विकास के फैसले लेने वाले है। अफसरशाही पर भी लगाम लगाने पर भी काम शुरू कर दिया है। सचिवालय में अब शनिवार को कोई मीटिंग नही होगी। इस पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा। सभी दफ्तरों में अधिकारियों को निर्देश दिए गए है की 10 से 12 बजे तक जनता की समस्या सुनेंगे।

इस दौरान सांसद अजय टम्टा, निवर्तमान विधायक कैलाश गहतोड़ी, विधायक सुरेश गढ़िया, सुरेश चौहान, महेश जीना, प्रमोद नैनवाल, हयात सिंह महरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललित मोहन कुंवर, मुकेश कलखुडिया, बलवंत भैरियाल, निर्मल महरा, मुकेश महाराना, केसी जोशी, मोहित पाठक, मनोज तड़ागी, सूरज प्रहरी, गौरांग रघु महाराज, कुंदन लड़वाल, प्रदीप भट्ट, गौरव पांडे, कर्नल रावत आदि मौजूद रहे।

# स्मृति प्वाइंट बनाना ही है तो राज्य की महान विभूतियों का बने

**हवन**

■ सुशांत सिंह राजपूत को लेकर की गई सतपाल महाराज की घोषणा पर भड़की भैरव सेना



**संवाददाता**

देहरादून। दिवंगत बालीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को लेकर की गई पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज की घोषणा पर भैरव सेना भड़क गई है। इसके विरोध में सोमवार को भैरव सेना कार्यकर्ताओं ने बुद्धि–शुद्धि हवन किया। गांधी पार्क के मुख्य द्वार के बाहर यह हवन किया गया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज द्वारा दिवंगत फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की स्मृति में फोटो प्वाइंट तथा यात्री विश्राम शेड बनाने का बेतुका बयान दिया गया है। कहा कि मंत्री का यह बयान उत्तराखंड की महान विभूतियों का अपमान है। जिसके विरोध में संगठन द्वारा कैबिनेट मंत्री को बयान वापस लेने के लिए बुद्धि–शुद्धी यज्ञ किया गया। बता दें कि मंत्री सतपाल महाराज ने सुशांत सिंह राजपूत के नाम पर केदारनाथ में सेल्फी प्वाइंट बनाने की बात कही थी, जबकि सुशांत की फिल्म केदारनाथ को उत्तराखंड सरकार ने प्रतिबंधित किया था। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड के महान विभूतियों की स्मृति प्वाइंट बनाने की मांग की है।

सोमवार को गांधी पार्क में संगठन के पदाधिकारी एवं बढ़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यहां कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के खिलाफ जमकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद मंत्री की बुद्धि–शुद्धि यज्ञ किया। संगठन के अध्यक्ष संदीप खत्री ने कहा जिस समय केदारनाथ में सुशांत सिंह राजपूत ने फिल्म बनाई थी। जिसका फिल्मांकन गलत तरीके से किया गया था। उस समय सतपाल महाराज ने फिल्म पर नाराजगी जताई थी। कहा महाराज का यह फैसला गलत है। इस तरह का बयान देवभूमि को आहत करने वाला है।

वहीं कार्यकारी जिला अध्यक्ष पंडित पाठक ने कहा कि किसी भी सूरत में उत्तराखंड में बाहरी व्यक्तियों को हीरो बनने नहीं दिया जाएगा।

## वित्तमंत्री ने सड़क निर्माण कार्यो की प्रगति से सम्बन्धित समीक्षा बैठक की

**संवाददाता** देहरदून। प्रदेश के वित्त/शहरी विकास/संसदीय कार्य मंत्री व क्षेत्रीय विधायक प्रेम चन्द अग्रवाल ने विधानसभा स्थित सभा कक्ष में ऋषिकेश विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सड़क निर्माण कार्यो की प्रगति से सम्बन्धित समीक्षा बैठक लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ की। बैठक में मंत्री ने ऋषिकेश विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चल रहे सड़क निर्माण कार्यो के प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। अधिकारियों द्वारा ऋषिकेश विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गतिमान निर्माण कार्यो के प्रगति की जानकारी मंत्री जी को दी गई।

मंत्री ने कहा कि ऋषिकेश विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सडको का निर्माण हेतु पूर्व में स्वीकृत सड़कों की जानकारी ली और उनकी स्वीकृति तत्काल प्राप्त कराये जाने हेतु प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को दूरभाष पर निर्देश दिये।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।